रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
सीईएन ०२/२०२६ - तकनीशियन ग्रेड। सिगनल और तकनीशियन ग्रेड III
CEN 02/2026 - Technician Grade I Signal and Technician Grade III

सत्यमेव जयते

Test Date	08/10/2026
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB Technician Grade III

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Mathematics**

Q.1 तीन वर्ष पूर्व, गाँव S और T की जनसंख्या का अनुपात 7 : 2 था। तब से, S की जनसंख्या में प्रति वर्ष 3% की वृद्धि हुई है, जबकि T की जनसंख्या में प्रति वर्ष 3% की कमी आई है। यदि वर्तमान में उनकी कुल जनसंख्या 36,155 है, तो तीन वर्ष पूर्व गाँव T की जनसंख्या कितनी थी? (अपने उत्तर को निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans A). 7,632 B). 7,732 C). 7,432 D). 7,532

Correct Answer: A

Q.2 एक दुकानदार कुल ₹30,000 में 6 एकसमान मोबाइल फोन खरीदता है। इसके पश्चात वह उनमें से 2 मोबाइल फोनों को कुल ₹19,000 में बेच देता है। बेचे गए फोनों पर उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 88% B). 91% C). 90% D). 89%

Correct Answer: C

Q.3 अली ने किसी वस्तु को ₹6400 में बेचा। यदि वस्तु का क्रय मूल्य ₹5600 था, तो अली द्वारा अर्जित लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15% B). 14% C). $15\frac{1}{7}\%$ D). $14\frac{2}{7}\%$

Correct Answer: D

Q.4 यदि $\frac{1}{(\text{cosec}\theta+1)}+\frac{1}{(\text{cosec}\theta-1)}=2\sec\theta,\ 0^\circ<\theta<90^\circ$ हो, तो $\frac{\cot\theta-2\text{cosec}\theta}{\sec\theta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $\frac{-\sqrt{2}+4}{2}$ B). $\frac{\sqrt{2}+4}{2}$ C). $\frac{\sqrt{2}-4}{2}$ D). $\frac{-\sqrt{2}-4}{2}$

Correct Answer: C

Q.5 ΔABC में, $DE \parallel AC$ है, जहाँ D और E क्रमशः भुजा AB और BC पर स्थित बिंदु हैं। यदि $BD = 10\text{ cm}$ और $AD = 4\text{ cm}$ है, तो ΔBDE के क्षेत्रफल और समलंब $ADEC$ के क्षेत्रफल का अनुपात क्या है?

Ans A). 25 : 26 B). 26 : 25 C). 24 : 25 D). 25 : 24

Correct Answer: D

Q.6 किसी बेलनाकार खंभे का व्यास 20 cm और ऊँचाई 35 m है। ₹30 प्रति m^2 की दर से खंभे के वक्र पृष्ठ को पेंट करने की लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). ₹669 B). ₹707 C). ₹660 D). ₹704

Correct Answer: C

Q.7 एक सममित बंटन की माध्यिका 32 है और बहुलक 29 है। माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans A). 35.5 B). 36 C). 33.5 D). 34

Correct Answer: C

Q.8 एक दुकान किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% और (5y - 2)% की दो क्रमिक छूट प्रदान करती है। यदि अंतिम विक्रय मूल्य, अंकित मूल्य का 60% है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 4.4 B). 6.4 C). 7.4 D). 5.4

Correct Answer: D

Q.9 एक शंकु के आधार की त्रिज्या 7 cm है और इसकी तिर्यक ऊंचाई 25 cm है। शंकु के संपूर्ण बाह्य पृष्ठ को ₹2 प्रति cm^2 की दर से पेंट किया जाना है। शंकु को पेंट करने की कुल लागत ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans A). ₹1,440 B). ₹1,424 C). ₹1,480 D). ₹1,408

Correct Answer: D

Q.10 75 तक की अभाज्य संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 714 B). 712 C). 713 D). 711

Correct Answer: B

Q.11 राम किसी कार्य को x दिन में पूरा कर सकता है। मोहन, राम से दोगुना तेजी से कार्य करता है। राघव की दक्षता मोहन से 50% अधिक है। यदि राम, मोहन और राघव एकसाथ उस कार्य को 4 दिनों में पूरा करते हैं, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 28 B). 22 C). 24 D). 26

Correct Answer: C

Q.12 यदि k का 20%, 15 के 1800% से 10 कम है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 1300 B). 1340 C). 1280 D). 1260

Correct Answer: A

Q.13 एक निश्चित धनराशि 10% वार्षिक ब्याज दर पर 12 महीने में ₹24255 हो जाती है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। वह धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹24000 B). ₹22000 C). ₹33000 D). ₹21000

Correct Answer: B

Q.14 आज से पांच वर्ष पूर्व, अमन की आयु चमन की आयु से 6 गुना थी। आज से 5 वर्ष पश्चात उसकी आयु, उस समय चमन की आयु से 2 गुना होगी। अमन की वर्तमान आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 19 B). 12 C). 16 D). 20

Correct Answer: D

Q.15 $\left(1+\frac{q^2-p^2-r^2}{2pr}\right)\times\left(\frac{1}{q+p-r}+\frac{1}{r+q-p}\right)$ को सरल कीजिए।

Ans A). $\frac{r}{pq}$ B). $\frac{1}{pqr}$ C). $\frac{q}{pr}$ D). $\frac{p}{qr}$

Correct Answer: C

Q.16 एक स्कूल में तीन कक्षाएं X, Y और Z हैं। कक्षा X में 25 छात्र हैं जिनका औसत स्कोर 70 है, कक्षा Y में 35 छात्र हैं जिनका औसत स्कोर 80 है, और कक्षा Z में M छात्र हैं जिनका औसत स्कोर 90 है। यदि सभी छात्रों का औसत स्कोर 80 है, तो M का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 15 B). 10 C). 20 D). 25

Correct Answer: D

Q.17 72 km/h की चाल से गतिमान एक रेलगाड़ी 200 m लंबे प्लेटफॉर्म को 25 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). 200 m B). 350 m C). 250 m D). 300 m

Correct Answer: D

Q.18 एक व्यक्ति, ₹57500 की धनराशि को 12% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए निवेश करता है। 2 वर्ष पश्चात उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14800 B). 72300 C). 71300 D). 13800

Correct Answer: C

Q.19 मार्च महीने में शनिवार और रविवार को छोड़कर, एक डीलर द्वारा प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 156 है। रविवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री 167 है। यदि पहला शनिवार 3 मार्च को आता है और पूरे महीने के लिए कारों की औसत बिक्री 150 है, तो शनिवार को प्रतिदिन कारों की औसत बिक्री कितनी होगी?

Ans A). 113 B). 110 C). 111 D). 109

Correct Answer: B

Q.20 A के पास 72 वस्तुएं हैं जबकि B के पास उसी प्रकार की X वस्तुएं हैं। यदि A और B की वस्तुओं का अनुपात 9 : 11 है, तो 72 + X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 180 B). 200 C). 160 D). 140

Correct Answer: C

Q.21 किसी विद्यालय की एक कक्षा के अनुभाग A में 48 विद्यार्थी तथा अनुभाग B में 52 विद्यार्थी हैं। उनकी कक्षा के पुस्तकालय के लिए आवश्यक पुस्तकों की न्यूनतम संख्या ज्ञात कीजिए, ताकि उन्हें अनुभाग A या अनुभाग B के विद्यार्थियों के बीच बराबर वितरित किया जा सके?

Ans A). 624 B). 626 C). 623 D). 625

Correct Answer: A

Q.22 यदि चार संख्याएं X, $\sqrt{\frac{49}{121}}$, $1\frac{1}{3}$, और 4 समानुपात में हैं, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). $0.\overline{21}$ B). $0.\overline{3}$ C). $2\frac{1}{3}$ D). $\frac{7}{11}$

Correct Answer: A

Q.23 पाइप P किसी टैंक को 10 घंटे में भर सकता है और पाइप Q उसे 20 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ 5 घंटे के लिए खोल दिया जाए, तो टैंक का कितना भाग अभी भी खाली रहेगा?

Ans A). $\frac{1}{4}$ B). $\frac{1}{2}$ C). $\frac{1}{5}$ D). $\frac{1}{3}$

Correct Answer: A

Q.24 120 m और 180 m लंबी दो ट्रेनें समानांतर पटरियों पर विपरीत दिशाओं में गतिमान हैं। पहली ट्रेन की चाल 54 km/hr है और दूसरी ट्रेन की चाल 72 km/hr है। दोनों ट्रेनों द्वारा एक-दूसरे को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित) लगेगा?

Ans A). 7 सेकंड B). 15 सेकंड C). 12 सेकंड D). 9 सेकंड

Correct Answer: D

Q.25 केंद्र O वाले वृत्त पर दो स्पर्शरेखाएँ AB और BC इस प्रकार खींची जाती हैं कि ∠ABC = 60° है। यदि AB = 8.7 cm है, तो OB की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans A). $5\sqrt{3}$ cm B). $8.5\sqrt{3}$ cm C). $8\sqrt{3}$ cm D). $5.8\sqrt{3}$ cm

Correct Answer: D

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.26 किसी निश्चित तर्क के अनुसार, 18 का संबंध 59 से है। उसी तर्क के अनुसार, 23 का संबंध 74 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 31 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans A). 106 B). 98 C). 102 D). 112

Correct Answer: B

Q.27 अमित बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 14 km ड्राइव करता है, फिर से दाएं मुड़कर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 18 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans A). 5 km पश्चिम की ओर B). 5 km पूर्व की ओर C). 4 km पूर्व की ओर D). 4 km पश्चिम की ओर

Correct Answer: D

Q.28 L, Y का भाई है। Y, V का पिता है। E, Q का पिता है। Q, V का पुत्र है। L का Q से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी के पिता का भाई B). माता के पिता का भाई C). पिता का भाई D). भाई

Correct Answer: B

Q.29 यदि संख्या 5482136 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और इसके प्रत्येक सम अंक में से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans A). एक B). एक भी नहीं C). दो D). तीन

Correct Answer: D

Q.30 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
A और B के तलों के क्रमांकों का गुणनफल 10 है। E, C के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है। D और A के तलों के क्रमांकों का योगफल 11 है।
B और E के तलों के क्रमांकों का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans A). 8 B). 7 C). 6 D). 5

Correct Answer: C

Q.31 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) रूप में क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न: पाँच व्यक्ति – M, N, O, P और Q – एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। M और Q के ठीक बीच में कौन बैठा है?
(I) O, M के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। N, Q के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है।
(II) P, O के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। M, Q के आसन्न नहीं बैठा है।

Ans A). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से (अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
B). कथन I और II दोनों संयुक्त रूप से प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
C). अकेले कथन II में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन I में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं हैं।
D). अकेले कथन I में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं, जबकि कथन II में दी गई जानकारी पर्याप्त नहीं हैं।

Correct Answer: B

Q.32 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएं) M S H T N D K U Z G O A Q C R X F I W Y E (दाएं)
श्रृंखला के दाएं छोर से सातवें अक्षर और बाएं छोर से पांचवें अक्षर के बीच अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). चार B). तीन C). पांच D). छह

Correct Answer: B

Q.33 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों का अनुसरण करके अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त पूरी नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।
संख्या/प्रतीक @ 9 # 5 ? 2 ! 0 & 4

कूट V Y A D F I L O R U

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के लिए कूट परस्पर बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को तीसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीकों के समूह के लिए कूट क्या होगा?
5 ? & 0 2

Ans A). D F R O © B). D F R O I C). © F O R I D). © F R O ©

Correct Answer: D

Q.34 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(बाएं) S Q B T V J Y H G T E X A J T E H Y B V F T E B M (दाएं)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans A). तीन B). एक भी नहीं C). दो D). एक

Correct Answer: D

Q.35 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
31, 33, 37, 43, 51 ?

Ans A). 60 B). 61 C). 63 D). 62

Correct Answer: B

Q.36 शब्द JOURNEY में, यदि अक्षरों को विपरीत वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षर अपनी मूल स्थिति बनाए रखते हैं?

Ans A). तीन B). एक C). दो D). एक भी नहीं

Correct Answer: B

Q.37 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से, LNLM का संबंध PRPQ से है। उसी तरह, QSQR का संबंध UWUV से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, ZBZA निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). DGCI B). DFCE C). DFDE D). DECE

Correct Answer: C

Q.38 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना होगा कि कथन में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथन का अध्ययन करें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।
5 स्तंभों, E, H, N, O और Y, में से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, इनमें से सबसे छोटा स्तंभ कौन-सा है?
(I) Y, N से ऊंचा है।
(II) O, Y से ऊंचा है। E केवल एक स्तंभ से छोटा है।

Ans A). कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
B). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
C). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
D). कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन I या अकेले कथन II नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

Correct Answer: A

Q.39 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). AD−ZC B). FI−EH C). SV−QW D). LO−KN

Correct Answer: C

Q.40 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
D, विषम क्रमांक वाले किसी तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। D और F के तलों के क्रमांकों का योगफल 5 है। F और B के बीच केवल 3 व्यक्ति रहते हैं। C, A के ठीक ऊपर वाले तल पर रहता है।
C और D के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). 1 B). 4 C). 2 D). 3

Correct Answer: A

Q.41 दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 21 25 30 36 ?

Ans A). 65 B). 41 C). 43 D). 51

Correct Answer: C

Q.42 शब्द PRIVATE में, सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में (बाएं से दाएं) व्यवस्थित कर दिया जाता है। तो इस प्रकार प्राप्त नए विन्यास में तीसरे और चौथे स्थान (बाएं से दाएं) पर कौन-से अक्षर होंगे?

Ans A). R T B). P R C). E I D). I P

Correct Answer: D

Q.43 अंग्रेज़ी वर्णमाला के क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

BUN HAT NGZ TMF ?

Ans A). ZSL B). ZLS C). ZSE D). ZES

Correct Answer: A

Q.44 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GOAT' को '7269' के रूप में तथा 'TEAO' को '4679' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या होगा?

Ans A). 4 B). 7 C). 6 D). 9

Correct Answer: A

Q.45 एक निश्चित कूट भाषा में, 'youth bean phone' को 'jp wr sd' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, और 'lady phone song' को 'wd lz wr' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'phone' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). jp B). wr C). wd D). sd

Correct Answer: B

Q.46 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). XC - EJ B). BG - IN C). OT - BI D). WB - DI

Correct Answer: C

Q.47 सात व्यक्ति P, Q, R, S, T, U और V उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। Q और S के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। T, U के ठीक बाईं ओर बैठा है। R, Q के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। S तथा P दोनों का निकटतम पड़ोसी V है। यदि बाएं छोर पर बैठा व्यक्ति, V के साथ अपना स्थान बदल लेता है, तो अब निम्नलिखित मे से कौन V का निकटतम पड़ोसी होगा?

Ans A). P B). Q C). T D). S

Correct Answer: D

Q.48 यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '−' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
11 C 4 B 21 D 3 A 12 = ?

Ans A). 45 B). 51 C). 49 D). 47

Correct Answer: C

Q.49 यदि '+' का अर्थ '×' है, '−' का अर्थ '+' है, '×' का अर्थ '÷' है, '÷' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

12 − 6 + 3 × 2 = ?

Ans A). 18 B). 9 C). 21 D). 15

Correct Answer: C

Q.50 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के अनुसार एक निश्चित तरीके से, FGDZ का संबंध XYVR से है। उसी प्रकार, VWTP का संबंध NOLH से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, GHEA का संबंध निम्नलिखित में से किससे होगा?

Ans A). YZVS B). YAVB C). YYVS D). YZWS

Correct Answer: D

Section : **General Science**

Q.51 पृथ्वी पर अधिकांश मौसमी परिघटनाओं के लिए वायुमंडल की कौन-सी परत मुख्य रूप से उत्तरदायी है?

Ans A). क्षोभमंडल B). समतापमंडल C). तापमंडल D). मध्यमंडल

Correct Answer: A

Q.52 निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि वृद्धि के कारण पादप कैसे गति प्रदर्शित करते हैं?

Ans A). स्पर्श करने पर मिमोसा की पत्ती का बंद होना B). जड़ों द्वारा मृदा से जल अवशोषित करना C). वीनस फ्लाईट्रैप की पत्ती का झटके से बंद होना D). तने का प्रकाश स्रोत की ओर झुकना

Correct Answer: D

Q.53 एक बड़ी चट्टान को न्यूनतम आयास के साथ ऊर्ध्वाधर रूप से ऊपर उठाने के लिए निम्नलिखित में से किस सरल मशीन का उपयोग किया जाना चाहिए, जबकि सभी सरल मशीनें आदर्श रूप से अभिकल्पित की गई हैं?

Ans A). दिशा बदलने के लिए एक एकल स्थिर घिरनी (fixed pulley) B). कई सपोर्टिंग स्ट्रैंड (supporting strands) वाला घिरनी निकाय C). अतिप्रवण कोण (steep angle) पर एक आनत समतल D). छोटी आयास भुजा (short effort arm) वाला उत्तोलक

Correct Answer: B

Q.54 मस्तिष्क के किस भाग को क्षति पहुँचने पर श्वसन और हृद्-स्पंद में तत्काल व्यवधान होने की सर्वाधिक संभावना होती है?

Ans A). अनुमस्तिष्क (Cerebellum) B). प्रमस्तिष्क (Cerebrum) C). मैडुला ऑब्लांगेटा (Medulla oblongata) D). हाइपोथैलेमस (Hypothalamus)

Correct Answer: C

Q.55 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन एकसमान वृत्तीय गति का उदाहरण नहीं है?

Ans A). पृथ्वी की परिक्रमा कर रहा एक कृत्रिम उपग्रह B). नियत चाल से घूम रहे सीलिंग फैन के ब्लेड C). पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगा रहा चंद्रमा D). सीधी सड़क पर लुढ़क रही एक गेंद

Correct Answer: D

Q.56 कौन-सा प्रतीक, ऑक्सीजन तत्व को निरूपित करता है?

Ans A). O B). C C). N D). S

Correct Answer: A

Q.57 निम्नलिखित में से कौन-सा परिदृश्य, एक व्यक्ति द्वारा सूटकेस पर ऋणात्मक कार्य किए जाने को दर्शाता है?

Ans A). एक व्यक्ति सूटकेस को ऊर्ध्वाधर ऊपर की ओर उठा रहा है B). एक व्यक्ति सूटकेस को छोड़ता है जिससे सूटकेस गुरुत्व के प्रभाव में स्वतंत्र रूप से नीचे गिरता है C). एक व्यक्ति सूटकेस को अपने सिर के ऊपर स्थिर अवस्था में पकड़े हुए है D). एक व्यक्ति सूटकेस को धीरे-धीरे भूमि पर नीचे ला रहा है

Correct Answer: D

Q.58 अमोनियम सल्फेट के विलयन का pH लगभग 5 पाया जाता है। इस प्रेक्षण की व्याख्या कौन-सा कथन करता है?

Ans A). यह लवण, एक बफर के रूप में कार्य करता है, जो pH परिवर्तन का प्रतिरोध करता है। B). यह लवण एक प्रबल क्षार और एक प्रबल अम्ल से बना है, इसलिए यह उदासीन है। C). यह लवण एक दुर्बल क्षार और एक प्रबल अम्ल से बना है, जिसके कारण अम्लीय जल-अपघटन होता है। D). यह लवण एक दुर्बल अम्ल और एक प्रबल क्षार से बना है, जिसके कारण क्षारीय जल-अपघटन होता है।

Correct Answer: C

Q.59 'पदार्थ की अवस्थाओं का अंतःरूपांतरण' और 'ज्वलन' किसके उदाहरण हैं?

Ans A). क्रमशः भौतिक और रासायनिक परिवर्तन के B). दोनों रासायनिक परिवर्तन के C). दोनों भौतिक परिवर्तन के D). क्रमशः रासायनिक और भौतिक परिवर्तन के

Correct Answer: A

Q.60 अनुरणन किसकी परिघटना है?

Ans A). ध्वनि का एक बार परावर्तन B). ध्वनि का अवशोषण C). बहु-परावर्तनों के कारण ध्वनि-निर्बंध D). ध्वनि तरंगों का अपवर्तन

Correct Answer: C

Q.61 नाइट्रोजन चक्र के भाग के रूप में, मृदा में ऐज़ोटोबेक्टर (Azotobacter) जीवाणु कौन-सी प्रक्रिया करते हैं?

Ans A). अमोनिया का नाइट्राइट में रूपांतरण B). नाइट्रेट का नाइट्रोजन गैस में रूपांतरण C). नाइट्रोजन गैस का अमोनिया में रूपांतरण D). अमोनिया का प्रोटीन में रूपांतरण

Correct Answer: C

Q.62 वह तत्व जिसे सामान्यतः "जीवन का निर्माण खंड (building block of life)" कहा जाता है, कौन-सा है?

Ans A). हीलियम B). आयरन C). सल्फर D). कार्बन

Correct Answer: D

Q.63 यदि किसी परमाणु के नाभिक में एक न्यूट्रॉन जोड़ा जाता है, परंतु प्रोटॉन या इलेक्ट्रॉन नहीं जोड़ा जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन होगा?

Ans A). इलेक्ट्रॉनों की संख्या बदल जाएगी, जिससे उसकी अभिक्रियाशीलता में परिवर्तन होगा। B). नाभिक का आवेश ऋणात्मक हो जाएगा। C). परमाणु संख्या बढ़ जाएगी, जिससे तत्व बदल जाएगा। D). द्रव्यमान संख्या बढ़ जाएगी, लेकिन तत्व के आवेश में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

Correct Answer: D

Q.64 कार्य (W) और समय (t) दिए होने पर शक्ति (P) की गणना करने के लिए सही सूत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans A). P = W + t B). P = W/t C). P = W x t D). P = W - t

Correct Answer: B

Q.65 किसी पादप को कई दिनों तक सीलबंद कांच के डिब्बे में रखा जाता है। कौन-सी जैव प्रक्रिया सबसे अधिक प्रभावित होगी?

Ans A). जड़ों द्वारा जल अवशोषण B). परिवेश के साथ गैस का विनिमय C). भोजन का ऊर्जा में रूपांतरण D). पोषक तत्वों का परिवहन

Correct Answer: B

Q.66 कोई छात्रा, जल से वायु में अभिलंब से किसी कोण पर एक लेजर किरणपुंज डालती है। वह देखती है कि वायु में प्रवेश करते ही किरणपुंज, अभिलंब से दूर हट जाती है। इस प्रेक्षण द्वारा अपवर्तन के नियमों की किस संकल्पना को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित किया जा रहा है?

Ans A). विभिन्न माध्यमों में प्रकाश सदैव सीधे गमन करता है, जिसे अपवर्तन के नियमों द्वारा समझाया गया है।

B). परावर्तन का नियम यह निर्धारित करता है कि लेजर किरणपुंज, अभिलंब से दूर हट जाती है। C). जब प्रकाश सघन माध्यम से विरल माध्यम में जाता है, तो यह अभिलंब से दूर हट जाता है।

D). जब लेजर किरणपुंज वायु में प्रवेश करती है, तब पूर्ण आंतरिक परावर्तन इस व्यवहार की व्याख्या करता है।

Correct Answer: C

Q.67 जब कोई पिंड एक सीधी रेखा में परिवर्ती चाल से गतिमान हो, तो हम उसकी गति की दर के परिमाण को किस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं?

Ans A). कुल त्वरण B). नियत चाल C). औसत वेग D). विस्थापन

Correct Answer: C

Q.68 विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जल के संघटन पर विचार करते समय, कौन-सा कथन स्थिर अनुपात के नियम को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है?

Ans A). हाइड्रोजन और ऑक्सीजन किसी भी अनुपात में मिलकर जल का निर्माण करते हैं।

B). किसी भी स्रोत से प्राप्त जल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन समान द्रव्यमान अनुपात में होते हैं।

C). हाइड्रोजन और ऑक्सीजन केवल निश्चित ताप और दाब के अंतर्गत ही जल का निर्माण करते हैं।

D). जल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन उसके स्रोत के आधार पर अलग-अलग अनुपात में होते हैं।

Correct Answer: B

Q.69 यदि दो जीवों के वंश समान हैं परंतु जातियां भिन्न हैं, तो इसका क्या अर्थ है?

Ans A). वे सभी विशेषताओं में समान हैं। B). वे अलग-अलग वंश के जीवों की तुलना में कम संबंधित हैं। C). वे निकटता से संबंधित हैं परंतु जातियों के स्तर पर भिन्न हैं।

D). उनकी कोई उभयनिष्ठ विशेषता नहीं है।

Correct Answer: C

Q.70 यदि कोई व्यक्ति दीवार के निकट खड़ा होकर अपने हाथों से दीवार को धक्का देता है, तो दीवार द्वारा उस व्यक्ति पर लगाए गए बल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans A). दीवार धक्का देने की दिशा में ही अधिक बल लगाती है B). दीवार व्यक्ति पर कोई बल नहीं लगाती है C). दीवार व्यक्ति पर बराबर एवं विपरीत बल लगाती है

D). दीवार व्यक्ति को अपनी ओर खींचती है

Correct Answer: C

Q.71 यदि कोई धावक 400 मीटर के वृत्ताकार ट्रैक को 80 सेकंड में पूरा करके प्रारंभिक बिंदु पर वापस आ जाता है, तो इस दौड़ के लिए औसत वेग का परिमाण क्या होगा?

Ans A). 4 m/s B). 5 m/s C). 10 m/s D). 0 m/s

Correct Answer: D

Q.72 जब मैग्नीशियम वायु के साथ अभिक्रिया करता है, तो सामान्य प्रेक्षण क्या है?

Ans A). यह श्वेत पाउडर जैसी राख बनाता है B). यह लाल रंग के अवशेष बनाता है C). यह हरे रंग के क्रिस्टल बनाता है D). यह एक नीला विलयन बनाता है

Correct Answer: A

Q.73 एक खनन कंपनी किसी नई धातु की खोज करती है जो सक्रियता श्रेणी में निम्न है और अपनी प्राकृत अवस्था में पाई जाती है। शुद्ध धातु को कुशलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए कंपनी को किस निष्कर्षण विधि को प्राथमिकता देनी चाहिए?

Ans A). वायु में भर्जन और उसके बाद अपचयन B). भौतिक पृथक्करण जैसे हाथ से चुनना या धावन C). अयस्क का तापीय अपघटन D). गलित धातु लवण का विद्युत अपघटन

Correct Answer: B

Q.74 स्त्रियों में आर्तव चक्र की शुरुआत निम्नलिखित में से किस घटना से होती है?

Ans A). निषेचित अंडे का रोपण B). परिपक्व अंडे का अंडोत्सर्ग C). शुक्राणु कोशिका द्वारा अंडाणु का निषेचन D). गर्भाशय अस्तर का टूटकर बाहर निकलना

Correct Answer: D

Q.75 निम्नलिखित में से कौन-सा, विषमांगी मिश्रण का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

Ans A). एक ऐसा पदार्थ जिसमें केवल एक प्रकार के कण होते हैं B). एक ऐसा मिश्रण जिसमें सभी घटक सर्वत्र एकसमान रूप से मिश्रित होते हैं

C). एक ऐसा मिश्रण जिसके घटक एकसमान रूप से वितरित नहीं होते हैं D). समरूप गुणधर्मों वाली गैसों का मिश्रण

Correct Answer: C

Q.76 ग्रेफाइट की तुलना में, हीरे की कठोरता अत्यंत उच्च क्यों होती है?

Ans A). हीरे में प्रबल आबंधों वाला त्रि-विमीय जालक्रम होता है B). ग्रेफाइट, परमाणुओं की नम्य श्रृंखलाओं से बना होता है C). ग्रेफाइट में परमाणुओं के बीच धात्विक आबंधन होता है

D). हीरे में परमाणु परतों में शिथिल रूप से संवेष्टित होते हैं

Correct Answer: A

Q.77 पेशी-कंकाल तंत्र में गति के लिए मुख्य रूप से किस प्रकार का ऊतक उत्तरदायी होता है?

Ans A). तंत्रिका ऊतक B). पेशीय ऊतक C). उपकला ऊतक D). संयोजी ऊतक

Correct Answer: B

Q.78 तरल मोजेक मॉडल (fluid mosaic model) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

Ans A). विशेष वसा अणुओं की परत में जल-आकर्षी शीर्ष बाहर की ओर और जल-प्रतिकर्षी पुच्छ अंदर की ओर होती है। B). कोशिका झिल्ली एक लिपिड द्विपरत से बनी होती है।

C). झिल्ली के अणु पार्श्व गति कर सकते हैं, फ्लिप कर सकते हैं और घूर्णन कर सकते हैं, जिससे इसकी प्रकृति तरल हो जाती है।

D). झिल्ली में उपस्थित वसा गेटकीपर के रूप में कार्य करती है, जो पदार्थों को आर-पार जाने में सहायता करते हैं।

Correct Answer: D

Q.79 यह कथन कि इलेक्ट्रॉन धनात्मक गोले में अंतर्निहित होते हैं, किस मॉडल द्वारा समझाया गया है?

Ans A). प्लम पुडिंग मॉडल (Plum Pudding model) B). रदरफोर्ड मॉडल (Rutherford model) C). बोर मॉडल (Bohr's model) D). हाइज़ेनबर्ग (Heisenberg)

Correct Answer: A

Q.80 साबुन तैलीय (चिकनाईयुक्त) कपड़ों को साफ करने में किस प्रकार सहायता करता है?

Ans A). यह चिकनाई को सीधे जल में विलीन कर देता है।

B). यह चिकनाई का रंग बदलकर उसे अदृश्य बना देता है।

C). यह मिसेल (micelles) बनाता है जो चिकनाई को अपने साथ फंसाकर हटा देते हैं। D). यह जल के साथ अभिक्रिया करके अम्ल बनाता है।

Correct Answer: C

Q.81 पृथ्वी से अवलोकन किए गए तारों के टिमटिमाने के संबंध में नीचे दिए गए कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?
(i) वायुमंडलीय अपवर्तन के कारण तारे टिमटिमाते हैं।
(ii) पृथ्वी का वायुमंडलीय घनत्व सभी ऊंचाईयों पर एकसमान होता है।
(iii) परिवर्ती वायुमंडलीय परिस्थितियों के कारण तारों की आभासी स्थिति थोड़ी विस्थापित हो जाती है।
(iv) तारों की अपेक्षा ग्रह अधिक स्पष्ट रूप से टिमटिमाते हैं।

Ans A). (iii) और (iv) दोनों B). (i) और (ii) दोनों C). (i) और (iii) दोनों D). (ii) और (iv) दोनों

Correct Answer: C

Q.82 टेरिडोफाइट की तुलना में ब्रायोफाइट, शुष्क स्थलीय पर्यावरण में उगने की सीमित क्षमता प्रदर्शित करते हैं, इसका क्या कारण है?

Ans A). उनमें संवहनी ऊतक नहीं होते हैं और उन्हें नमी की आवश्यकता होती है। B). उनकी पत्तियां सुई-जैसी होती हैं जो जल की हानि को कम करती हैं।

C). वे पुष्पों के माध्यम से जनन करते हैं जिन्हें परागण के लिए कीटों की आवश्यकता होती है। D). वे ऐसे बीज उत्पन्न करते हैं जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित नहीं रह सकते।

Correct Answer: A

Q.83 मेरुदंड (backbone) युक्त प्राणियों को _____ उपसंघ के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है।

Ans A). वर्टिब्रेटा (Vertebrata) B). आर्थ्रोपोडा (Arthropoda) C). ऐनेलिडा (Annelida) D). मोलस्का (Mollusca)

Correct Answer: A

Q.84 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक, भारत में पादपों की उच्च विविधता में योगदान देता है?

Ans A). एकसमान मृदा प्रकार B). एकरूप तुंगता C). सीमित वर्षा D). विविध जलवायु क्षेत्र

Correct Answer: D

Q.85 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है कि जब ध्वनि वायु से जल में गमन करती है तो उसकी चाल पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans A). वायु से जल में गमन करने पर ध्वनि की चाल घट जाती है। B). वायु से जल में गमन करने पर ध्वनि की चाल बढ़ जाती है।

C). जल में प्रवेश करते ही ध्वनि की चाल का तारत्व परिवर्तित हो जाता है। D). वायु और जल में ध्वनि की चाल समान रहती है।

Correct Answer: B

Q.86 एक पैदल यात्रा के दौरान, एक व्यक्ति 7 km पूर्व की ओर, और फिर 24 km उत्तर की ओर चलता है। कौन-सा विवरण, व्यक्ति के परिणामी विस्थापन सदिश से सुमेलित है?

Ans A). प्रारंभिक बिंदु से उत्तर दिशा की ओर 31 km का एक सदिश B). प्रारंभिक बिंदु से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर 25 km का एक सदिश

C). प्रारंभिक बिंदु से उत्तर दिशा की ओर 24 km का एक सदिश D). प्रारंभिक बिंदु से पूर्व दिशा की ओर 7 km का एक सदिश

Correct Answer: B

Q.87 ब्लीचिंग पाउडर _____ पर क्लोरीन गैस की क्रिया से प्राप्त होता है।

Ans A). बुझे चूने B). बिना बुझे चूने C). चूने के जल D). जल

Correct Answer: A

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सा, जंतुओं में एक संयोजी ऊतक नहीं है?

Ans A). उपास्थि B). कंडरा C). तंत्रिका कोशिका D). स्नायु

Correct Answer: C

Q.89 0.5 kg द्रव्यमान की एक हॉकी पक (hockey puck) 8 m/s के प्रारंभिक वेग से बर्फ पर फिसलती है। यदि कोई खिलाड़ी 0.5 s के लिए नियत बल लगाता है और पक का वेग बढ़कर 12 m/s हो जाता है, तो अनुप्रयुक्त बल का परिमाण कितना होगा?

Ans A). 4 N B). 6 N C). 2 N D). 8 N

Correct Answer: A

Q.90 किसी बिंब को उत्तल लेंस के सामने उसके मुख्य अक्ष पर फोकस दूरी की दोगुनी दूरी (2F) पर रखा गया है। निर्मित प्रतिबिंब की प्रकृति और स्थिति क्या होगी?

Ans A). प्रतिबिंब लेंस के दूसरी ओर 2F पर बनेगा; वास्तविक, उलटा और समान साइज़ का B). प्रतिबिंब अनंत पर बनेगा; वास्तविक और उलटा
C). प्रतिबिंब फोकस पर बनेगा; वास्तविक, उलटा और छोटा D). प्रतिबिंब F और 2F के बीच बनेगा; वास्तविक, उलटा और छोटा

Correct Answer: A

Section : **General Awareness**

Q.91 फरवरी 2026 में, बहुभाषी बैंकिंग सेवाओं के संवर्धन के लिए डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन (DIBD) ने किस संस्थान के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए?

Ans A). भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) B). भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) C). भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) D). भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

Correct Answer: D

Q.92 तीसरा भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन 9 जुलाई 2026 को, निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?

Ans A). मेलबर्न B). नई दिल्ली C). पर्थ D). चेन्नई

Correct Answer: A

Q.93 जून 2026 में, 20वां राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस (National Statistics Day) किस थीम के अंतर्गत मनाया गया?

Ans A). संधारणीय विकास के लिए सांख्यिकी (Statistics for Sustainable Development)
B). विकसित भारत के लिए डेटा-संचालित शासन (Data-Driven Governance for Viksit Bharat)
C). संवृद्धि के लिए आधिकारिक सांख्यिकी का उपयोग (Harnessing Official Statistics for Growth)
D). प्रशासनिक आँकड़ों की क्षमता का दोहन (Unlocking the Potential of Administrative Data)

Correct Answer: D

Q.94 जून 2026 में, निम्नलिखित में से किसे सेवा विस्तार देते हुए 31 दिसंबर, 2026 तक के लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के अध्यक्ष के रूप में पुनः नियुक्त किया गया था?

Ans A). नितिन गुप्ता B). संजय मल्होत्रा C). रवि अग्रवाल D). तुहिन कांत पांडेय

Correct Answer: C

Q.95 नवंबर 2025 में आयोजित राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला के दौरान, किस अंतर्राष्ट्रीय संगठन के प्रतिनिधि ने भारत को वैश्विक नर्सिंग कार्यबल में विश्व के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक के रूप में मान्यता दी?

Ans A). विश्व परिवार कल्याण संगठन (WFWO) B). अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद (ICN) C). संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (UNICEF) D). विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

Correct Answer: D

Q.96 वर्ष 2025 के उत्तरार्ध में लागू किए गए निम्नलिखित में से किस नीतिगत सुधार ने, भारत में रात्रि पाली (night shifts) में कार्य करने वाली महिलाओं के लिए परिवहन सुविधाओं सहित सुरक्षा उपबंधों को अनिवार्य किया?

Ans A). POSH अधिनियम, संशोधन 25, 2021 B). सुरक्षित शहर परियोजना, श्रम कार्यदशा अधिनियम 2021 C). विशाखा गाइडलाइन्स 2019
D). उपजीविकाजन्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यदशाएं संहिता, 2020

Correct Answer: D

Q.97 जून 2026 में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा विमोचित पुस्तक "संस्कृति रत्न भंडार: भौवैयार इतिब्रिटो (Sanskritir Ratna Bhandar: Bhaowaiyar Itibritto)" किसके द्वारा रचित है?

Ans A). उदय शंकर भट्टाचार्य और संगीता रॉय B). जयंत महापात्र और संगीता रॉय C). डॉ. जयंत कुमार रॉय और आनंद रॉय D). डॉ. जयंत कुमार रॉय और संगीता रॉय

Correct Answer: D

Q.98 जुलाई 2026 में, नर्मदा अवार्ड (Narmada Award) के अंतर्गत लंबित भुगतान के मुद्दों को सुलझाने के लिए किए गए समझौते में राज्यों का कौन-सा समूह शामिल था?

Ans A). गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान B). मध्य प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना और महाराष्ट्र C). महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान
D). गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश

Correct Answer: A

Q.99 मार्च 2026 में, भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी संयुक्त सैन्य अभ्यास "लामितिये (LAMITIYE) -2026" के ग्यारहवें संस्करण में भाग लेने के लिए निम्नलिखित में से किस स्थान पर पहुँची?

Ans A). सेशेल्स B). थाईलैंड C). मालदीव D). मॉरीशस

Correct Answer: A

Q.100 फरवरी 2026 में, गगनयान मिशन के लिए ड्रोग पैराशूट (Drogue Parachute) का क्वालीफिकेशन स्तर का लोड परिक्षण DRDO द्वारा किस केंद्र पर संपन्न किया गया था?

Ans A). एकीकृत परीक्षण रेंज, चांदीपुर B). रक्षा जैव-इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रोमेडिकल प्रयोगशाला, बेंगलुरु C). वैमानिकी परीक्षण रेंज, चित्रदुर्ग
D). चंडीगढ़ स्थित TBRL रेल ट्रैक रॉकेट स्लेड केन्द्र

Correct Answer: D

"